Title: Reported move of the railways to discontinue some train services.

श्री चन्द्रभूाण सिंह (फर्रुखाबाद) :अध्यक्ष महोद्य, मैं आपका संरक्षण चाहूंगा। उत्तर प्रदेश में एक जिला फर्रुखाबाद है, जहां से मैं सांसद हूं। वहां से मात्र कालिंदी एक्सप्रेस नाम से एक रेलगाड़ी दिल्ली के लिए चलती है। दुर्भाग्य यह है कि कभी कोहरे के नाम पर और कभी यमुना में बाढ़ के नाम पर विगत तीन वर्षों में उस रेलगाड़ी को दसियों मर्तबा सस्पेंड किया गया है। वहां से काफी तादाद में व्यापारी अक्सर दिल्ली आते रहते हैं। मुझे अभी पता चला है कि 27 तारीख से पुनः उस रेलगाड़ी को बंद किया जा रहा है। वहां से दिल्ली के लिए केवल वहीं एक रेलगाड़ी है। मैं चाहूंगा कि आप सरकार को निर्देशित करें कि उस रेलगाड़ी को सस्पेंड न किया जाए, क्योंकि उसको बंद करने से वहां से दिल्ली आने-जाने वाले लोगों को भारी असुविधा होगी। इसलिए मेरा अनुरोध है कि उस रेलगाड़ी को चालू रखें।